


नवभारत
इंदौर, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026
03


एक नजर में

## वरिष्ठजनों को जांच, उपचार सलाह व मिली नि :शुल्क दवाइयां



**धार** /- वृद्धजनों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना चाहिए, अपने शरीर में बिगड़ते व बदलते लक्षणों से परिवारजनों को अवगत करवाने चाहिए। बीमारी की ज्यादा व कहीं भी चर्चा के स्थान पर कम व डॉक्टर से चर्चा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए ठीक है। अपने मन से दवाई लेना, मात्रा कम ज्यादा करना ये घातक हो सकता है। शुगर बीमारी दीमक की तरह शरीर को खोखला करती है अत: ज्यादा तनाव, ज्यादा आराम ज्यादा व गरिष्ठ खानपान से बचना चाहिए। संतुलित आहार, उचित व्यायाम पर ध्यान देना है। ये विचार प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ संदीप खटो? ने सुपर 60 प्लस के 95 वे मासिक जॉच शिविर में व्यक्त किए। जांच कार्य में सहयोग मोहित कुमार ने किया। डॉ खटो? ने शिविर के पंजीकृत वृद्धजनों के लिए आजीवन फीस माफी की घोषणा की व न्यूनतम शुल्क पर दवाइयां उपलब्ध करवाने का वादा किया। शिविर में सभी की नि :शुल्क शुगर जांच की। आरंभ में अतिथि स्वागत भगवत जाट व श्याम पंवार ने किया। नंदकिशोर उपाध्याय ने स्वरचित कविता सुनाई। भोज शोध संस्थान के डॉ दीपेन्द्र शर्मा ने शिविर संकल्पना व्यक्त की। हास्य व ? नाद योग करवाया गया। आभार प्रकल्प प्रभारी दुर्गेश नागर ने प्रकट किया। घर के बने पौष्टिक आहार का वितरण विकास राठौर के सहयोग से हुआ। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्क? ने दी।

## *CAIT* की राणापुर तहसील इकाई का हुआ गठन पंकज जागेटिया अध्यक्ष,धर्मेश जैन बने महामंत्री



**राणापुर** . व्यापारियों के राष्ट्र स्तरीय संगठन केट के जिला अध्यक्ष मुकेश जैन नाकोडा व जिला महामंत्री पंकज मोगरा की अनुशंसा से कैट इकाई रानापुर तहसील का गठन जिला उपाध्यक्ष कमलेश नाहर ,एवं कार्यकारिणी सदस्य संदेश सेठिया के सहयोग से सम्पन्न हुआ। राणापुर तहसील इकाई,संरक्षक -मनोहरलाल सेठिया ,गोपालकृष्ण हरसोला ,राधाकिशन राठोड़,संजय अग्रवाल बनाये गए हैं।,नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष-पंकज जागेटिया व महामंत्री धर्मेश जैन को बनाया गया। उपाध्यक्ष वैभव अग्रवाल, विक्की सकलेचा , नितिन राठौड़झ संचित कटारिया, लीलेश हरसोला को बनाया गया ।मंत्री हरीश गाहरी, लखन उपाध्याय, मयंक राठौड़, हार्दिक पंचोली को बनाया गया ।कोषाध्यक्ष सुनील राठौड़ होंगे। सह कोषाध्यक्ष-अनिल राठौड़ कुंदनपुर को बनाया गया। संगठन सचिव-आशीष सोनी मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्य-ललित जैन 'सर्वोदय अंकित पोरवाल,ब्रजेश हरसोला,निर्मल गाहरी,जयप्रकाश कसेरा,सर्वेश पोरवाल,अमन पडियार,उद्धव राठी, अनिल पंचाल बनाएं गए हैं ।कैट जिला झाबुआ इकाई की ओर से मनोनीत कार्यकारिणी को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## केंद्रीय बजट 2026 प्रचार अभियान की प्रदेश स्तरीय टोली में प्रवीण चावला सहसंयोजक नियुक्त



**बदनावर ।** प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा केंद्रीय बजट 2026 के प्रचार अभियान एवं जन संवाद कार्यक्रम के लिए गठित प्रदेश स्तरीय टोली में प्रवीण चावला को सहसंयोजक नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति संगठनात्मक मजबूती की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। नियुक्ति की घोषणा के उपरांत बदनावर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया, वहीं भाजपा कार्यालय धार में उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार ने कहा कि प्रवीण चावला का अनुभव एवं संगठनात्मक क्षमता बजट 2026 के जनहितकारी प्रावधानों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उनके नेतृत्व में प्रचार अभियान को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में पार्टीजन उपस्थित रहे।

## 16 फरवरी सोमवार को बैजनाथ महादेव मंदिर पर होगा भव्य नगर भोज एवं भजन संध्या

**बदनावर।** 16 फरवरी सोमवार को भूत भावन भगवान भोलेनाथ के श्री चरणों में समर्पित नगर भोज एवं भजन संध्या का भव्य एवं दिव्या आयोजन महादेव भक्त मंडल चाय प्रसादी वाले द्वारा किया जा रहा है ।शिवरात्रि के पवन पर्व पर शिवरात्रि के एक दिन पश्चात नगर भोज के साथ भजन संध्या का भी आयोजन किया रखा गया है। मंडल द्वारा आयोजन को लेकर सभी सदस्यों द्वारा रूप रेखा तैयार की जा रही है। आयोजन श्री बैजनाथ महादेव मंदिर परिसर में किया जावेगा। श्री महादेव भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा इस धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निमंत्रण कार्ड भी दिए जा रहे है। मंडल का नगर भोज का यह दूसरा वर्ष है। मंडल ने सभी समाज के लोगों को सपरिवार पधारने का आग्रह भी किया जा रहा है। प्रथम वर्ष के नगर भोज के आयोजन की पहल लोगों के बीच में प्रशंसनिक चर्चा के रूप में समाज में संदेश गया था।

## बदनावर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कल्पना गहलोत को दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय सम्मान




**बदनावर** क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुल्थान की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कल्पना गहलोत को 26 जनवरी 2026 को 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पोषण ट्रैकर योजना के अंतर्गत लाभार्थियों की जानकारी समय पर और सही तरीके से भेजने, विभागीय जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने तथा सेवाओं में निरंतर गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रदान किया गया। समारोह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर की उपस्थिति में उन्हें शील्ड और सिलाई मशीन भेंट की गई। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन भी उनके साथ मौजूद रहे। कल्पना गहलोत ने बताया कि उन्हें कर्तव्य पथ पर आमंत्रण मिला था और यह सम्मान उनके लिए किसी सपने के पूरे होने जैसा है। उन्होंने कहा कि कभी कल्पना नहीं की थी कि दिल्ली में इस तरह सम्मान मिलेगा, लेकिन नियमित मेहनत और समर्पण से यह संभव हुआ। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं ने भी भाग लिया, जिससे आयोजन को विशेष गरिमा प्राप्त हुई।

## दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा जी आगामी 18 मार्च को बदनावर

**बदनावर** ।सनातन धर्म की प्रेरणास्रोत परमपूज्या दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा जी आगामी 18 मार्च 2026 को बदनावर पधारेंगी। इस अवसर पर सायं 5 बजे विराट धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दीदी माँ अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।

धर्मसभा के दौरान दीदी माँ धर्म, संस्कार, राष्ट्रभावना एवं जीवन मूल्यों पर अपने अमृत वचनों से समाज को दिशा देंगी।

# लूट, डकैती, नकबजनी के 81 वारदातों का कुख्यात फरार आरोपी गिरफ्तार

- अन्तराराज्य गिरोह के सरगना को गिरफ्तार करने पर टांडा पुलिस को मिली सफलता
- 8 राज्यों की पुलिस को थी आरोपी रमेश चौहान की तलाश
- चोरी का माल खरिदने व बेचने और चोरों को सरक्षण देता था आरोपी
- थाना टांडा के लूट के मामले मे फरार था आरोपी



**टांडा धार ।** पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक धार मयंक अवस्थी के निर्देशन में एंव अति.पुलिस अधीक्षक धार विजय डावर एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुक्षी सुनिल गुप्ता के मार्ग दर्शन मे जिले के समस्त थाना प्रभारियों को संपति सबंधी अपराधियो के धड पकड करने के निर्देश दिये गये थे । इसी तारतम्य मे थाना प्रभारी टांडा व टांडा पुलिस के द्वारा आरोपी के धड पकड के लिए लगातार दबिशे दी जा रही थी कि दिनांक 04.02.2026 को मुखबिर द्वारा सुचना मिली की कुख्यात डकेत अंतराराज्य सरगना अपने गांव पिपलदिलया में होने की सुचना मिली थी की किसी चौर से माल खरीदने व चर्चा करने की बात आई थी इस सुचना पर थाना प्रभारी टांडा संजय कुमार रावत व टांडा पुलिस के द्वारा दो अलग अलग टीमो का गठन किया गया । व मुखबिर द्वारा बताये गांव के जंगल व स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी गई जो पुलिस को धेखकर हक्का बक्का रह गया और भागने के लिए कपास के खेत तरफ भागा जिसे घेरांबदी कर पकडा जो अपना नाम बताने से आना कानी करने लगा । फिर से सख्ती से पुछताछ करने पर अपना नाम रमेश पिता नरसिह चौहान जाति भीलाला निवासी पिपलदलिया थाना टाडां होना बताया ।जिसे हिरासत मे लेकर थाना लेकर लाया गया व थाने के दो मामले मे माननीय न्यायालय द्वारा स्थाई वारंटी जारी किया गया व थाना तिरला जिला धार से संपती संबधी अपराध मे फरारी काट रहा था थाना रिकार्ड व अन्य जिले अन्य राज्यो का रिकार्ड खंगाला गया जो 81 वारदातो मे आरोपीत होकर माननीय न्यायलय से जारी स्थाई वारंटो व अपराधो मे लगातार फरार होकर फरारी काट रहा था ।

आरोपी रमेश पिता नरसिंह चौहान निवासी पिपलदिलया का जिला धार ,खरगोन ,इंदोर ,खंडवा व अन्य राज्य कर्नाटक ,तेलगाना ,तमीलनाढु ,छतीसगढ ,गुजरात ,राजस्थान ,महाराष्ठ के सभी संपति सबंधि 81 अपराधो मे वांटेड होकर फरार है। सबंधित पुलिस को गिरफ्तारी की सुचना दी गई ।

आरोपी की गिरफ्तारी व धरपकड के थाना टांडा प्रभारी व थाना पुलिस बल उनि भुपेन्द्र खरतिया ,सउनि योगेन्द्र मावी ,सउनि रामदास सोलंकी , सउनि रामसिह हटिला , प्रआर 812 अर्जुन मोर्य ,प्रआर 844 माधवसिह वसुनिया ,आर. 1068 सुनिल , आर. 1166 निलेश , आर. 1097 सिध्दार्थ , आर. 1019 जितेन्द्र , आर 593 विनोद सेनिक 262 बहादुर का सराहनीय योगदान रहा है ।

# ना डरें ना घबराएं ना लालच में आएं सतर्कता अपनाएं : प्रदीप सोनी





धार /- भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की प्रेरणा सयुंक्त संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में आज स्थानीय श्रद्धालय वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों में डिजीटल और वित्तीय साक्षरता जागरूकता के लिए विशेष संवाद का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए जिला न्यायाधीश एवं सचिव विधिक साक्षरता श्री प्रदीप सोनी ने कहा की आर्थिक धोखाध?ी के कई मामले समाचार पत्रों के माध्यम से उजागर हो रहे है। हमको ना डरना है ना घबराना है। सतर्कता रुखते हुए मानवीय सहयोग जारी रखना है। उन्होंने कई उदाहरणों से बताया कि अविश्वास से संकट उत्पन्न हो सकता है। अत: हमें जागरूक व सतर्क रहकर मो व डिजीटल संसाधनों का उपयोग करना है। डिजीटल अरेस्ट व मोबाइल तथा वीडियों काल से कैसे बचना व तुरंत सायबर व बैंक को क्यों व कैसे सूचित करना है। इस अवसर पर प्रस्तावना रखते हुए भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेन्द्र शर्मा ने वर्तमान संदर्भों में वृद्धजनों के साथ होने वाली आर्थिक धोखाध?ी व उनके बचाव पर तथ्यात्मक बात रखी। विशेष अतिथि उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री दिनेश वर्मा ने घटनाओं तथा तथ्यों के माध्यम से वित्तीय साक्षरता के प्रभाव व ब?ते खतरों का उल्लेख किया। ओटीपी, लिंक, ई केवायसी आदि में कैसे ध्यान रखना बताया। पेंशनर संघ के समन्वयक प्रमोद टोंग्या ने सदाचरण घटनाओं का उल्लेख किया व कैसे बचें इस पर अपनी बात रखी। अतिथियों का स्वागत वृद्धजनों की ओर से शिवनारायण आर्य, श्याम पंवार व तोताराम भाई ने किया। श्री परिहार व वर्मा जी ने अपने संस्मरण सुनाए। अंत में नशामुक्ति संकल्प व शपथ वाचन श्री हरिहरदत्त शुक्ल ने किया। आभार समग्र सामाजिक अधिकारी प्रियंका गुरु ने व्यक्त किया।



# कलेक्टर की पहल से दिव्यांगजनों को मिला आत्मनिर्भरता का नया साधन

**झाबुआ**, कलेक्टर नेहा मीना के संवेदनशील एवं जनहितकारी प्रयासों के परिणामस्वरूप जिले के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इस पहल के अंतर्गत 60 प्रतिशत राशि स्वयं के खर्च से एवं 40 प्रतिशत राशि कलेक्टर द्वारा सीएसआर (ष्टस्क्र) एवं रेडक्रॉस के माध्यम से दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित वाहन प्रदान किए गए। इस क्रम में कु. रमिला हटिला निवासी ग्राम समोई तहसील राणापुर एवं श्री हरीश भाबोर निवासी ग्राम भोडली, पोस्ट बन तहसील राणापुर को पेट्रोल चलित वाहन प्रदान किए गए। कु. रमिला हटिला ने बताया कि वे सिलाई मशीन का कार्य कर अपनी आजीविका चलाती हैं। पूर्व में सिलाई से संबंधित सामान लाने-ले जाने में उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पेट्रोल चलित वाहन प्राप्त होने के बाद अब वे आसानी से कहीं भी आ-जा पा रही हैं। इस सुविधा से न केवल उनका कार्य सरल हुआ है, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में उन्हें नई मजबूती मिली है। उन्होंने इस सहयोग के लिए कलेक्टर नेहा मीना के प्रति आभार व्यक्त किया।

हरीश भाबोर ने बताया कि उन्हें दैनिक आवागमन में अत्यधिक परेशानी होती थी। उनकी पत्नी सब्जी मंडी का कार्य करती हैं, जिसमें उन्हें लाने-ले जाने में कठिनाई होती थी। साथ ही श्री हरीश कोचिंग पढ़ाने का कार्य करते हैं, जिसके लिए समय पर पहुंचना आवश्यक होता था। योजना के अंतर्गत पेट्रोल चलित वाहन मिलने से अब उन्हें एवं उनके परिवार को बड़ी सुविधा हुई है। इससे वे समय पर बच्चों को पढ़ा पा रहे हैं तथा उनकी पत्नी के कार्य में भी सहयोग मिल रहा है। उन्होंने इस सहायता के लिए कलेक्टर नेहा मीना को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों को स्वावलंबी बनाने हेतु किए जा रहे ऐसे प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने की दिशा में प्रेरित कर रहे हैं।

**एक नजर** ▶ केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर धार में पत्रकार वार्ता आयोजित

# केंद्रीय बजट में गरीब, युवा, नारी शक्ति और हर वर्ग के कल्याण के प्रावधान : सिलावट

- बजट प्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा
  बजट में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है




धार। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय धार में पत्रकार- वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार धार विधायक नीना वर्मा जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में और वित मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। केंद्रीय बजट मध्यप्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरों के विकास व लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम का विकास प्रदेश के लिए वरदान बनेगा। यह बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने समय-समय पर अपने निर्णयों से देश को सशक्त बनाने के साथ दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया है। इस बजट के माध्यम से उद्योगों को ब?ावा मिलने के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार के अनेक अवसर पैदा होंगे। यह केंद्रीय बजट सभी वर्गों की आशा-आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कहा की गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग, उद्यमियों और हर वर्ग के कल्याण व शक्तिकरण के लिए प्रावधान किए गए हैं। केंद्रीय बजट सिर्फ बजट नहीं है, यह विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है। यह आने वाले वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला बजट सिद्ध होगा। यह सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी बजट है। बजट में तीन कर्तव्यों-आर्थिक विकास, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति और 'सबका साथ, सबका विकास' की परिकल्पना को साकार किया गया है। बजट में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। केन्द्रीय बजट में राजकोषीय घाटा को 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4.3 प्रतिशत तक लाने का रोडमैप तैयार किया है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करो? के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि को 22,500 करो? से ब?ाकर 40,000 करो? करने का प्रस्ताव है ।उन्होंने कहा कि इस बजट से मध्यप्रदेश को भी व्यापक लाभ होगा और यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा।

यह बजट मध्यप्रदेश को सतत विकासशील राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक भूमिका अदा करेगा। बजट के प्रावधानों से मध्यप्रदेश में निवेश, उद्योग स्थापना, रोजगार सृजन, उत्पादन क्षमता, निर्यात उन्मुख विनिर्माण का बेहतर वातावरण तैयार होगा।

केंद्रीय बजट मध्यप्रदेश के एमएसएमई सेक्टर के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। राज्य में उद्यमिता, स्वरोजगार तथा औद्योगिक विस्तार को मजबूती मिलेगी। मध्यप्रदेश के लघु एवं मध्यम उद्योग अधिक प्रतिस्पर्धी, आत्मनिर्भर और विस्तार उन्मुख बनेंगे। मध्यप्रदेश को आईटी, पर्यटन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा सेवाओं के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने में यह बजट महती भूमिका निभाएगा।

मध्यप्रदेश में पहले कॉटन इंडस्ट्री चलती थी, लेकिन रिनोवेशन नहीं होने से वह डूब गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने धार में पीएम मित्र पार्क की सौगात दी है, जिसके आधार पर हमारी सरकार मध्यप्रदेश वस्त्र उद्योग को ब?ावा दे रही है। नए उद्योग लगाना अच्छी बात है, लेकिन जो चल रहे हैं उनका संवर्धन करना भी एक ब?ा कार्य है। हमारी सरकार इस क्षेत्र में भी कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी टियर-2 और टियर-3 शहरों के लिए भी पर्याप्त धनराशि दी गई है। मध्यप्रदेश में प्रमुख शहर संगठित और आर्थिक रूप से समृद्ध होंगे और संरचना निवेश मॉडल मध्य प्रदेश के लिए अत्यंत लाभकारी होगा।

यह सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी बजट रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की भावना को दर्शाता है, जो मध्यप्रदेश सहित देश को 2047 के विकसित भारत की ओर मजबूती से ले जाएगा। केंद्रीय बजट को राजनीति के दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नजर से देखना आवश्यक है। देश के कुल कर्ज को जीडीपी के 56 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत तक लाने की भी योजना है। बजट में 7 हाई-स्पीड कॉरिडोर्स के निर्माण और 12.2 लाख करो? के कैपिटल एक्सपेंडिचर का प्रावधान किया गया है। सेमीकंडक्टर मिशन के लिए निवेश राशि को 22,500 करो? से बढ़ाकर 40,000 करोड़ करने का प्रस्ताव है।

### ▶ बजट से मध्यप्रदेश को व्यापाक लाभ होगा

इस बजट से मध्यप्रदेश को भी व्यापक लाभ होगा और यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट भारत को आने वाले वर्षों में विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से सही दिशा में आगे बढ रहा है, और बजट 2026 उसी भरोसे और दूरदृष्टि का प्रमाण है। यह केंद्रीय बजट देश के आर्थिक विकास के साथ 卐रिफॉर्म एक्सप्रेस卐 की रफ्तार को भी दिखा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट तात्कालिक प्रभाव से अधिक अगले 10-20 वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला है। यह बजट सशक्त भारत की नींव को और मजबूती प्रदान करेगा। हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सशक्त बनाने के साथ दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया है ।भारत को आत्मनिर्भर बनाने, देशवासियों के कल्याण और मध्यम वर्ग को राहत देने वाले इस क्रांतिकारी बजट के लिए यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का मध्यप्रदेशवासियों की ओर से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

इस अवसर पर केंद्रीय बजट की जिला टोली से मोहित तातेड सुनील मोदी सोनू रघुवंशी भाजपा धार ग्रामीण जिला मीडिया प्रभारी विजय राठौर मनोज सोलंकी कवि मनोज चावला मंचासीन रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।